# 2022 में दर्ज हुए 3 लाख आपराधिक केस: एनसीआरबी

## राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वार्षिक रिपोर्ट जारी, 3.3 प्रतिशत बढ़े अपराध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वर्ष 2022 में 2021 की तुलना में आपराधिक मामलों में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और करीब तीन लाख मामले दर्ज किए गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

एनसीआरबी की वार्षिक अपराध रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 2022 में भारतीय दंड संहिता के तहत कुल 2,98,988 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में 2,89,045 मामले दर्ज किए गए थे। 2020 में दर्ज मामलों की कुल संख्या 2,45,844 रही थी। गृह मंत्रालय की संस्था एनसीआरबी के अनुसार, दिल्ली में 2022 में हत्या के 501 मामले दर्ज किए गए, जिनकी संख्या 2021 और 2020 में क्रमश: 454 और 461 रही थी।

साल 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 14,158 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले 2021 और 2020 में क्रमश: 13,982 और 9,782 रहे थे। एनसीआरबी ने कहा कि साइबर अपराध के मामले बढ़कर 685 हो गए हैं जो 2021 और 2020 में क्रमश: 345 और 166 रहे थे।

आंकड़ों में कहा गया कि बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले 2022 में बढ़कर 7,400 हो गए, जबकि 2021 में ऐसे मामलों की संख्या 5,256 थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में अपहरण के 5,585 मामले दर्ज किए गए। 2021 और 2020 में ऐसे मामलों की संख्या 5,475 और 4,011 थी। साल 2021 से 2022 के बीच बुजुर्ग नागरिकों के खिलाफ अपराध के मामले 1,166 से बढ़कर 1,313 हो गए।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ओर से जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में साइबर अपराध के मामले 2022 में लगभग दोगुने हो गए। एनसीआरबी के 2022 के व्यापक अपराध आंकड़ों से पता चलता है कि ऐसे मामलों की संख्या 2021 में 345 थी जो 2022 में बढ़कर 685 हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 में साइबर अपराध के केवल 166 मामले सामने आए थे। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम साइबर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहे हैं और समय-समय पर कई अभियान चलाए जा रहे हैं।

### दिल्ली में सड़क हादसों में सबसे अधिक मौतें

**एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में 2,103 लोगों की मौत हुई, जो देशभर में सबसे अधिक हैं। इस दौरान देश के 53 शहरों में कुल 68,236 सड़क दुर्घटनाओं में 57,246 घायल और 17,680 लोगों की मौत हो गई।**




***किशोर अपराध :*** *एनआरसीबी के अनुसार 2022 में दिल्ली में 2,436 आपराधिक मामलों में किशोर शामिल पाए गए। यह आंकड़ा अन्य 19 महानगरों की तुलना में कई गुना अधिक है। इसमें 92 मामले हत्या, 154 हत्या के प्रयास और 86 मामले रेप आदि के हैं।*

***नाबालिग अपहरण :*** *एनआरसीबी के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में नाबालिगों के अपहरण के मामलों में दो फीसदी की वृद्धि हुई है। इसमें से अधिकांश की उम्र 12-18 आयु वर्ग थी।*

## आबकारी मामला : संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 11 तक बढ़ी



- अदालत ने कहा, छह दिसंबर को जमानत याचिका पर बहस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत सोमवार को 11 दिसंबर तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सिंह के खिलाफ दायर पूरक आरोपपत्र की एक प्रति उनके वकील को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि उनकी ज़मानत याचिका पर बहस छह दिसंबर को होगी। सोमवार को सुनवाई के दौरान, ईडी ने एक आवेदन दायर कर कहा कि पूरक आरोपपत्र में कुछ संरक्षित गवाहों के नामों का गलती से उल्लेख हो गया है और अदालत से दस्तावेज को सीलबंद लिफाफे में रखने का आग्रह किया। अदालत ने ईडी को उस हिस्से को हटाने की अनुमति दे दी जिसमें संरक्षित गवाहों के नामों का उल्लेख है।

ईडी ने गत शनिवार को मामले में सिंह और उनके कथित सहयोगी सर्वेश मिश्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत (पूरक आरोपपत्र के समान) दायर की थी। सुनवाई के दौरान, सिंह ने केंद्रीय जांच एजेंसी पर आरोपपत्र का विवरण मीडिया को लीक करने का आरोप लगाया। उन्होंने न्यायाधीश को एक समाचारपत्र की एक प्रति सौंपते हुए कहा, यहां वे कह रहे हैं कि इसे सीलबंद लिफाफे में रखा जाना चाहिए, जबकि हर समाचार संगठन ने आरोपपत्र का विवरण रिपोर्ट किया है। न्यायाधीश ने अखबार में छपा लेख देखा और कहा कि इसमें उल्लिखित विवरण पुराना है। न्यायाधीश ने कहा, इस रिपोर्ट में कुछ भी नया नहीं है। सब कुछ रिमांड दस्तावेज से है जो एजेंसी द्वारा पहले दायर किया गया था। धनशोधन रोधी एजेंसी ने सिंह को चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब समाप्त की जा चुकी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को अनुचित लाभ पहुंचा।

### सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत 11 दिसंबर तक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत की अवधि सोमवार को 11 दिसंबर तक बढ़ा दी। जैन ने दिल्ली उच्च न्यायालय के छह अप्रैल के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की है। उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने 26 मई को जैन को चिकित्सा आधार पर छह सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी थी।

### हिट एंड रन में रिक्शा चालक की मौत

**नई दिल्ली।** महेन्द्रा पार्क इलाके में हिट एंड रन के मामले में एक रिक्शा चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच के लिए हादसे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

जानकारी के मुताबिक महेन्द्रा पार्क पुलिस को बीते रविवार सुबह छह बजकर 52 मिनट पर एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि मुकरबा चौक फ्लाईओवर के पास करनाल बाईपास पर एक रिक्शा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। रिक्शा चालक की मौत हो गई है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जहां मौके पर एक व्यक्ति मृत पड़ा हुआ था।

## सुरक्षा : 786 एमसीडी स्कूलों में लगेंगे 10786 सीसीटीवी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- 25 करोड़ की लागत से प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा का किया जा रहा प्रयास

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से 786 स्कूल स्थलों पर 10,786 सीसीटीवी कैमरे लगाएगा। एमसीडी ने एक बयान में कहा, छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक एमसीडी स्कूल में 10 आईपी-सक्षम वैंडल डोम कैमरे और पांच बुलेट कैमरे लगाए जाएंगे।

एमसीडी संचालित स्कूलों में यौन उत्पीड़न के मामलों के बाद नगर निकाय ने पहले घोषणा की थी कि वह 15 सीसीटीवी कैमरे लगाएगी और लगभग 3,000 सुरक्षा गार्डों की भर्ती करेगी। इसमें कहा गया है कि पूर्ववर्ती दक्षिणी और पूर्वी निगम ने अपने 399 स्कूलों में से प्रत्येक में 15 सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। हालाँकि, तत्कालीन उत्तरी निगम के 529 स्कूलों में से केवल 120 स्कूलों में 480 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, प्रत्येक स्कूल में चार कैमरा।

सीसीटीवी कैमरे शाहदरा नॉर्थ, शाहदरा साउथ, सिविल लाइंस, सिटी एसपी, करोल बाग, नरेला, केशवपुरम, रोहिणी, दक्षिणी, पश्चिमी, मध्य और नजफगढ़ इलाकों में लगाए जाएंगे। एमसीडी का प्रयास अपने प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करने के साथ सुरक्षा प्रदान करना भी है। निगम विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना छात्र सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक मील का पत्थर साबित होगी, जिसकी सहायता से दिल्ली नगर निगम के प्रत्येक विद्यालय भवन में आईपी आधारित 10 वांडल डोम कैमरे, 5 बुलेट कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरों की वीडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने के लिए 2 टेरा बाइट की हार्ड डिस्क लगाई जाएगी।

कैमरों को इंटरनेट से जोड़ने के लिए 50 एमबीपीएस का इंटरनेट कनेक्शन भी लगाया जाएगा। कैमरों का इंटरनेट से जुड़ा होने के कारण दूर बैठ कर भी विद्यालय की निगरानी की जा सकेगी। कैमरों में मोशन सेंसर होने के कारण रिकॉर्डिंग केवल किसी भी प्रकार की गतिविधि होने की सूरत में होगी। विद्यालय में संवेदनशील स्थानों पर लगे कैमरे रात्रि दृष्टि क्षमताओं से लेस होंगे। कैमरा लगाने वाली एजेंसी एक वर्ष की वारंटी के अलावा 4 वर्ष तक इन सीसीटीवी कैमरों का रखरखाव भी करेगी। दिल्ली नगर निगम अपने विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट सेवाएं भी प्रदान कर रहा है। निगम विद्यालयों में छात्रों को पौष्टिक मोटा अनाज आधारित भोजन,स्मार्ट कक्षाएं, अत्याधुनिक फर्नीचर,छात्रों में प्रकृति प्रेम विकसित करने के लिए किचन गार्डन,छात्रों में पढ़ने में रुचि उत्पन्न करने के लिए लाइब्रेरी एवं रीडिंग कॉर्नर्स जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। अब विद्यालय परिसर की अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित सीसीटीवी कैमरों से निगरानी छात्रों एवं उनके परिजनों के मन में सुरक्षा की भावना का सूत्रपात करने में मदद करेगी। प्रशासन ने विद्यालय परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों की चौकसी हो सकेगी।

## रामजस के छात्रों ने प्रधानाचार्य कार्यालय का किया घेराव



- आठ तदर्थ शिक्षकों को हटाए जाने से थे आक्रोशित, प्रिसिंपल का मामले में टिप्पणी से इंकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने रामजस कॉलेज के अंग्रेजी विभाग से आठ तदर्थ शिक्षकों को कथित रूप से हटाए जाने के खिलाफ सोमवार को कॉलेज के प्रधानाचार्य के कार्यालय का घेराव किया। इस मामले में रामजस कॉलेज की कार्यकारी प्रधानाचार्य हरदीप कौर से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने मामले पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर हटाए गए एक शिक्षक ने कहा कि शिक्षकों को हटाया जाना एक वैचारिक कदम है।

उन्होंने कहा, हमारे पास दूसरी नौकरी ढूंढने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है। शिक्षकों को हटाया जाना राजनीति से प्रेरित है और नई भर्ती एक निश्चित विचारधारा के अनुरूप की गई है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) से संबंधित छात्र समूह आईसा ने एक बयान में कहा, रामजस कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में तदर्थ शिक्षकों को हटाए जाने के राजनीतिक रूप से प्रेरित कदम के खिलाफ आईसा कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर कॉलेज के प्रधानाचार्य के कार्यालय का घेराव किया। छात्र समूह ने कहा कि वे मंगलवार को भी प्रधानाचार्य के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने अपनी भर्ती प्रक्रिया में 10 में से आठ शिक्षकों को स्थाई पदों के लिए नहीं चुना, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया।

डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट की सचिव आभा देव हबीब ने कहा, रामजस के अंग्रेजी विभाग को सर्वश्रेष्ठ विभागों में से एक माना जाता है और ऐसा तदर्थ शिक्षकों के योगदान के बिना संभव नहीं था।

कैसे एक कॉलेज पिछले कई वर्षों से काम कर रहे शिक्षकों को हटा सकता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रशिक्षित शिक्षकों को हटाकर ऐसे शिक्षकों को काम पर रखा जा रहा है, जिनके पास एक दिन भी पढ़ाने का अनुभव नहीं है।

## क्लस्टर बस की टक्कर से पत्नी की मौत, पति गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी के महेंद्रा पार्क क्षेत्र में सोमवार सुबह साइकिल रिक्शा में कलस्टर बस की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई और उसके साथ उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक महिला की पहचान भलस्वा डेयरी निवासी जुही(31) और घायल पति की पहचान असरफ के रूप में हुई। असरफ ने बताया कि सुबह साइकिल रिक्शा से पत्नी को लेकर आजादपुर मंडी सब्जी खरीदने जा रहा था। गेट नंबर दो मेट्रो पिलर नंबर 125 जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास पीछे से कलस्टर बस ने जबर्दस्त टक्कर मार दी।

उनका रिक्शा पलट गया। दोनों घायल हो गए। बस कंडेक्टर ने पुलिस को हादसे की जानकारी दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। एंबुलेंस से दोनों को नजदीक के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के बीच डॉक्टरों ने जुही को मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच जारी है।

## सैनिक फार्म में दिखे तेंदुए की तलाश जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- दक्षिणी दिल्ली के नेब सराय इलाके में हालात पर नजर रख रहे 50 पुलिस अधिकारी

दक्षिणी दिल्ली के नेब सराय इलाके में शुक्रवार रात देखे गए तेंदुए की तलाश अब भी जारी है। हालात पर नजर रखने के लिए इलाके में कम से कम 50 पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा, 48 घंटे से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिला है। वन विभाग द्वारा लगाए गए दो पिंजरे अब भी वहीं रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को दिल्ली और हरियाणा की सीमा पर नेब सराय इलाके में एक फार्महाउस के पास तेंदुआ देखा गया। उसके बाद से वह नजर नहीं आया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि स्थिति पर नजर रखने के लिए नेब सराय पुलिस थाने के कम से कम 50 कर्मियों को 24 घंटे तैनात किया गया है, जो थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र राणा की देखरेख में वन विभाग के कर्मियों के साथ काम कर रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हम दिन में कम से कम तीन बार घोषणा कर रहे हैं और लोगों को बता रहे हैं कि अगर उन्हें तेंदुआ दोबारा दिखे तो क्या करें और क्या न करें। वन विभाग ने शनिवार को कहा कि 40 कर्मियों की दो टीम ने अरावली हिल्स रेंज से जुड़े वन क्षेत्र की तलाशी ली है।

## शाह करेंगे एबीवीपी के 69वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- राजधानी के बुराड़ी स्थित डीडीए ग्राउंड में आठ दिसंबर ये शुरू होगा सम्मेलन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आठ दिसंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 69वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

छात्र संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े छात्र संगठन का राष्ट्रीय सम्मेलन 10 दिंसबर तक चलेगा। एबीवीपी ने कहा कि शाह सुबह 11 बजे दिल्ली में बुराड़ी के डीडीए ग्राउंड में नवनिर्मित टेंट सिटी इंद्रप्रस्थ नगर में अमृत महोत्सव राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से 10,000 से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। सम्मेलन के दौरान शिक्षा, पर्यावरण, खेल, कला और समसामयिक मामलों सहित देश के युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि एबीवीपी के संस्थापक सदस्य दत्ताजी डिडोलकर के नाम पर एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।



69वें राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। फोटो: रंजन डिमरी

## संक्षिप्त समाचार

### ससुर को गोली मारने वाला दामाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ इलाके में बीते नवंबर में पैसों के विवाद में ससुर पर गोली चलाने वाले दामाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विकास उर्फ विक्की के रूप में हुई है। आरोपी विकास पर हत्या और हत्या के प्रयास के मामलों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकरियों ने बताया कि बीते 26-27 नवंबर की रात नजफगढ़ पुलिस को जय बिहार इलाके में गोली चलने की सूचना मिली थी। घायल को पुलिस ने नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में पता चला कि गोली चलाने का आरोपी उनका दामाद है। वारदात के समय भी पैसों को लेकर विवाद हुआ था। हाथापाई और गाली गलौच के बीच दामाद ने गोली मार दी। एसीपी सतीश दहिया के नेतृत्व में टीम ने आरोपी विकास को नांगलोई के अध्यापक कॉलोनी से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद किया।

### चांदनी चौक में 2000 कारों की मल्टी लेवल पार्किंग



**नई दिल्ली।** ऐतिहासिक चांदनी चौक में जल्द 2000 कारों के लिए 5 मंजिला (मल्टलेवल) पार्किंग शुरू होने वाला है। ओमेक्स चौक को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट (ओसी) प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया है। एमसीडी की तरफ से हरी झंडी मिलते ही यह पार्किंग जनता के लिए खोल दिया जाएगा। ओमैक्स ग्रुप के कार्यकारी निदेशक जतिन गोयल का कहना है कि हम ओमेक्स चौक के पार्किंग स्थल के ट्रायल रन पूरा होने की जानकारी देते हुए खुशी हो रही है। इसे एमसीडी के साथ पीपीपी मॉडल पर विकसित किया गया है। चांदनी चौक में ओमेक्स चौक परियोजना थोक और खुदरा बाजार के लिए फिर से लोगों को आकर्षित करेगा।

### 'मैं भी केजरीवाल अभियान' में शामिल हुए भारद्वाज

**नई दिल्ली।** राजधानी में तीन दिनों से जारी 'मैं भी केजरीवाल' अभियान की कड़ी में आप नेता व कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ ग्रेटर कैलाश के डीडीए फ्लैट्स कालकाजी इलाके में डोर टू डोर अभियान किया। इस अवसर पर मंत्री भारद्वाज ने कहा, भाजपा आप नेताओं को मनगढ़ंत और फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल में बंद कर रही है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल में बंद कर रही है। भारद्वाज ने कहा, कि पूरी दिल्ली में यह कैंपेन चलाया जा रहा है और आम आदमी पार्टी का लक्ष्य है, कि हम दिल्ली के सभी बूथ को इस कैंपेन के दौरान कवर करेंगे।

## मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर युवाओं में रहा उत्साह

- वोटर लिस्ट में सुधार के लिए चला दो दिन अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी में मुख्य निर्वाचन कार्याल दिल्ली की तरफ से मतदाता सूची में सुधार, नाम खोजने, मतदाता पहचान पत्र के लिए नामांकन, मतदाता पहचान पत्र में सुधार, नाम हटाने आदि के लिए दो दिवसीय अभियान चलाया गया। मतदाताओं को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए 2 और 3 दिसंबर, 2023 को दिल्ली के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए। यह जानकारी पी. कृष्णमूर्ति, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली ने दी। इसमें कुल 13,637 मतदान केन्द्रों में लगाये गए थे।

इन विशेष शिविरों में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीएम) ने भी अपने अधिकार क्षेत्र के शिविरों का दौरा किया। साथ ही सीईओ दिल्ली कार्यालय की कई टीमों ने इन शिविरों का निरीक्षण किया। इन शिविरों में 13000 से अधिक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) भी तैनात किये गये थे। सीईओ ने कहा, मतदाता शिक्षा और सुविधा की दिशा में यह कदम न केवल मतदाताओं को सभी आवश्यक सहायता प्राप्त करने में मदद करेगा, बल्कि 'कोई मतदाता पीछे न छूटे' के दृष्टिकोण को भी पंख देगा। विशेष सारांश पुनरीक्षण-2024 में पहले से ही एक नया प्रावधान इस प्रकार किया गया है। एक पात्र नागरिक, जो वर्ष 2024 में किसी भी बाद की अर्हता तिथि अर्थात 1 अप्रैल, 2024, 1 जुलाई 2024 या 1 अक्टूबर, 2024 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने जा रहा है, वह भी आवेदन कर सकता है। सीईओ दिल्ली ने कहा कि अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म-6 में अपना दावा अग्रिम रूप से दाखिल करें, उनका वोटर कार्ड संबंधित अर्हता तिथि के बाद जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दावे और आपत्ति दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 दिसंबर हैं।

सीईओ ने चुनावी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन मोड अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया क्योंकि वे त्वरित, कुशल, सुविधाजनक और सुरक्षित हैं। उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी दिल्ली निवासियों से मतदाता हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करने का आग्रह किया, जो उन्हें अपने मोबाइल फोन के माध्यम से सभी चुनावी सेवाओं तक पहुंच प्रदान करेगा। सीईओ ने प्रत्येक नागरिक को ईसीआई का वोटरहेल्पलाइन ऐप/सक्षम ऐप (दिव्यांग) डाउनलोड करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि ईसीआई के पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन दाखिल किया जा सकता है। किसी भी प्रश्न या सहायता के लिए नागरिक चुनाव हेल्प लाइन नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

